## न्यूज डायरी



### फ्रांस ने चीन से शिनजियांग में नजरबंदी शिविरों को बंद करने को कहा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पैरिस। फ्रांस ने बुधवार को चीन से कहा कि वह शिनजियांग में बड़े पैमाने पर लोगों को मनमाने तरीके से हिरासत में लेना बंद करे। दरअसल चीन ने करीब 10 लाख उइगर मुस्लिमों और अन्य मुस्लिम अल्पसंख्यकों को ऐसे शिविरों में रखा है जिन्हें पेइचिंग वोकेशनल स्कूल (व्यावसायिक विद्यालय) कहता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने संवाददाताओं से कहा, श्हम चाहते हैं कि चीन मनमाने तरीके से लोगों को हिरासत में लेना बंद करे। विदेश मंत्री ज्यां वेस ले ड्रायन ने चीन से कहा कि वह इन शिविरों को बंद करे और संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार मामलों के उच्चायुक्त को जल्द से जल्द शिनजियांग जाने दे ताकि वह वहां के हालात के बारे में वह रिपोर्ट दे सकें। शिविरों के बारे में खुलासा नवंबर माह के मध्य में हुआ था जब इनसे जुड़े दस्तावेज चीन के राजनीतिक प्रतिष्ठान से जुड़े एक सदस्य से लीक हो गए थे।

### परिवार प्रायोजित ग्रीन कार्ड के इंतजार में करीब 2.3 लाख भारतीय

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। भारत के 2 लाख 27 हजार से ज्यादा लोग अमेरिका में परिवार प्रायोजित ग्रीन कार्ड या वैध स्थायी निवास की अनुमति मिलने की कतार में हैं। नए जारी हुए आधिकारिक आंकड़े में यह जानकारी सामने आई है। फिलहाल, परिवार प्रायोजित ग्रीन कार्ड के लिए करीब 40 लाख लोग वेटिंग लिस्ट में हैं जबकि अमेरिकी संसद कांग्रेस ने हर साल महज 2 लाख 26 हजार ऐसे कार्ड जारी करने की अनुमति दी हुई है। वेटिंग लिस्ट में शामिल सबसे ज्यादा 15 लाख लोग अमेरिका के दक्षिण में स्थित पड़ोसी देश मेक्सिको से हैं। दूसरे नंबर पर भारत है जिसके 2 लाख 27 हजार लोग कतार में हैं। वहीं चीन इस मामले में तीसरे नंबर पर है जिसके 1 लाख 80 हजार लोग परिवार प्रायोजित ग्रीन कार्ड पाने की होड़ में हैं। ये कार्ड पाने के इच्छुक ज्यादातर वेटिंग लिस्ट वाले लोग अमेरिकी नागरिकों के भाई–बहन हैं।

### बीमार नवाज शरीफ की लंदन में होगी अस्थिमज्जा जांचः खबर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। पाकिस्तान के बीमार पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ अपने हृदय संबंधी और रक्त रोग से जुड़ी समस्याओं के लिये 'अस्थिमज्जा' की जांच कराएंगे। मीडिया में बृहस्पतिवार को आई खबर में यह कहा गया है। शरीफ(69) इलाज के लिये 19 नवंबर को लंदन रवाना हुए थे। लाहौर उच्च न्यायालय ने उन्हें चार हफ्तों के लिये विदेश यात्रा की इजाजत दी है। शरीफ के बेटे हुसैन नवाज के हवाले से डॉन न्यूज की खबर में कहा गया है, ''अभी सबसे महत्वपूर्ण उनकी अस्थिमज्जा की जांच है।'' उन्होंने कहा, ''मेरा हर किसी से अनुरोध है कि वे उनके स्वास्थ्य के लिये दुआ करें। '' शरीफ के रक्त में प्लेटीलेट की संख्या कम हो जाने पर चिकित्सक यह अस्थिमज्जा जांच करा रहे हैं। गौरतलब है कि पाकिस्तान के तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके शरीफ के शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली में गड़बड़ी का पता चला था और पाकिस्तान में चिकित्सकों ने उन्हें इलाज के लिये विदेश जाने की सलाह दी थी।

### फर्जी अमेरिकी विश्वविद्यालय से 90 छात्र और पकड़े गए, अधिकांश भारतीय

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। आव्रजन धोखाधड़ी की जांच के लिए अमेरिकी सरकार द्वारा स्थापित किए गए एक फर्जी विश्वविद्यालय से संघीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने 90 विदेशी छात्रों को पकड़ा है। पकड़े गए छात्रों में से अधिकांश भारतीय हैं। अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन एजेंसी (आसीई) ने अब तक 250 से अधिक छात्रों को पकड़ा है।
इन छात्रों को गृह मंत्रालय ने डेट्रॉइट मेट्रोपोलिटन क्षेत्र में स्थित फार्मिंगटन विश्वविद्यालय में प्रवेश का लालच दिया गया था। आईसीई द्वारा स्थापित यह विश्वविद्यालय अब बंद हो चुका है। आईसीई ने मार्च में इस फर्जी विश्वविद्यालय से 161 छात्रों को पकड़ा था। आईसीई के प्रवक्ता ने बताया कि अब तक गिरफ्तार किए गए 250 छात्रों में से लगभग 80 फीसदी छात्रों को अमेरिका से लौटने की अनुमति दे दी गई है।

# पाकिस्तान सुको ने बाजवा के एक्सटेंशन को किया 6 महीने

**निर्देश**

## पाक सरकार तीन साल के लिए बढ़ाना चाहती थी बाजवा का यह एस्टेंशन

■कोर्ट ने सरकार को दिया निर्देश, इस संबंध में सरकार संसद से पास कराए जरूरी कानून



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
इस्लामाबाद। पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा को 6 माह का सेवा विस्तार दे दिया है। उनका ये सेवा विस्तार इमरान सरकार की ओर से कोर्ट में नई अप्लीकेशन देने के बाद दिया गया है। गुरुवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सरकार से सेवा का विस्तार करने के लिए नई अप्लीकेशन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। साथ ही ये भी कहा है कि जो अप्लीकेशन दाखिल की जाए उसमें कार्यकाल बढ़ाए जाने का समय नहीं लिखा होना चाहिए। उसी के बाद सरकार की ओर से अप्लीकेशन दी गई, हैं।

**नई अप्लीकेशन ली और 6 माह का कार्यकाल बढ़ायाः** नई अप्लीकेशन मिल जाने के बाद कोर्ट ने शर्तों के साथ अगले 6 माह के लिए जावेद बाजवा का कार्यकाल बढ़ा दिया है। प्रधानमंत्री इमरान खान ने 19 अगस्त की आधिकारिक अधिसूचना के माध्यम से सुरक्षा का हवाला देते हुए जनरल बाजवा को तीन साल का विस्तार दे दिया था, नियमतरू किसी सेना प्रमुख का कार्यकाल बढ़ाने का अधिकार राष्ट्रपति के पास है ना कि प्रधानमंत्री इमरान के पास। इस वजह से इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में एक केस फाइल हुआ जिसका संज्ञान लेते हुए अदालत सुनवाई कर रही थी। गुरुवार को सुनवाई के बाद ये फैसला सुनाया गया।
मुख्य न्यायाधीश आसिफ सईद खान खोसा की अध्यक्षता और न्यायमूर्ति मजहर आलम खान मियांखेल और न्यायमूर्ति मंसूर अली शाह की अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की तीन–सदस्यीय पीठ ने लगातार तीसरे दिन इसकी सुनवाई की। इससे पहले रायज राही नामक एक व्यक्ति ने इस संबंध में याचिका दाखिल की थी मगर बाद में उसने इसे वापस लेने के लिए अप्लीकेशन लगाई। कोर्ट ने इस अप्लीकेशन पर खुद संज्ञान ले लिया और केस वापस करने से मना कर दिया। उसके बाद से ही इस मामले में जोर पकड़ा हुआ है। इस मामले में अब सुनवाई के बाद महत्वपूर्ण फैसले की घोषणा 10 सदस्यीय पूर्ण अदालत द्वारा की जाएगी।

**भारत का डर भी बाजवा को न हटाना एक बड़ी वजह**
जानकारों का कहना है कि भारत के डर की वजह से पाकिस्तान सरकार अपने सेना प्रमुख जावेद बाजवा को नहीं हटना चाहती है। यही वजह है कि इमरान सरकार ने सेना प्रमुख बाजवा को रोकने के लिए सेना नियमों में संशोधन किया है। इमरान ये जानते हैं कि कश्मीर और भारत–पाकिस्तान सीमा पर भारत के खिलाफ रणनीति बनाने में बाजवा माहिर है। पाक सरकार को लगता है बाजवा के जाने से सीमा पर उनकी पकड़ कमजोर होगी।

**समय न लिखे जाने का आदेश**
गुरुवार की सुनवाई के दौरान, अदालत ने सरकार को बाजवा की सेवा में विस्तार के लिए किसी भी समय अवधि ा का उल्लेख नहीं करने के लिए कहा है। यह भी निर्देश दिया कि सरकार को सारांश में उल्लेख करना चाहिए कि यह शीर्ष अदालत के आदेश पर तैयार किया गया था। पीठ ने पूर्व सेना प्रमुख जनरल अशफाक परवेज कयानी और उनके उत्तराधिकारी जनरल रहेल शरीफ की सेवानिवृत्ति से संबंधित दस्तावेजों और पेंशन से संबंधित दस्तावेजों की भी मांग की।

## निर्वाचित प्रतिनिधि ही अफगान शांति समझौते का नेतृत्व करेः भारत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
संयुक्त राष्ट्र। भारत ने अफगानिस्तान में तालिबान के साथ अमेरिका के शांति प्रयासों को लेकर आगाह किया है। भारत ने कहा है कि देश का भविष्य तय करने में मुख्य आवाज निर्वाचित प्रतिनिधियों को ही बनना चाहिए।
भारतीय राजनयिक विदिशा मैत्रा ने बुधवार को कहा, श्किसी भी समाधान की संवैधानिक वैधता और राजनीतिक स्वीकार्यता होनी चाहिए और गैर–शासित इलाकों को आतंकवादियों और उनके समर्थकों के लिए नहीं छोड़ देना चाहिए ताकि वे उस इलाके का शोषण करें।
संयुक्त राष्ट्र मिशन में भारत की प्रथम सचिव मैत्रा ने महासभा में अफगानिस्तान पर बहस के दौरान कहा, किसी भी देश में उस देश के लोगों को और देश के निर्वाचित प्रतिनिधियों को अपने देश का भविष्य तय करने में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए और अफगानिस्तान के साथ यह हमेशा से भारत का मार्गदर्शक सिद्धांत रहा है।
उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इन प्रयासों का समर्थन करते समय संगठित रहना चाहिए।श उन्होंने कहा कि इसी समय भारत अंतरराष्ट्रीय, क्षेत्रीय और घरेलू स्तर पर औपचारिक शांति प्रक्रिया के लिए कई पहलों द्वारा पैदा किए गए अवसरों का स्वागत करेगा।



श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे (मध्य में)।

## श्रीलंका के राष्ट्रपति पहली विदेश यात्रा पर भारत के लिए रवाना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलंबो। श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे अपनी पहली आधिकारिक विदेश यात्रा पर बृहस्पतिवार को भारत के लिए रवाना हो गए। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर भारत आ रहे हैं। इस यात्रा में उनके साथ राजपक्षे के सचिव पीबी जयसुंदर और प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे के सलाहकार ललित वीरतुंगा जा रहे हैं। दो दिवसीय यात्रा के दौरान श्रीलंका के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री मोदी के साथ रणनीतिक द्विपक्षीय रिश्तों को गहरा करने पर बातचीत करेंगे।

## मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 5 साल की जेल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



माले। मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 5 साल जेल की सजा सुनाई गई है। अदालत ने यामीन पर 5 मिलियन अमेरिकी डॉलर का जुर्माना भी लगाया है। यमीन राजकोष से चुराए गए धन का इस्तेमाल करने के दोषी करार दिए गए हैं। यह मामला पर्यटक रेजॉर्ट विकास के लिए द्वीपों को पट्टे पर देने के संबंध में हुए कथित संदिग्ध सौदे और यमीन के बैंक खाते में 10 लाख अमेरिकी डॉलर रकम का पता चलने से जुड़ा है। यामीन अपने पांच साल के शासन के बाद सितंबर 2018 में इब्राहिम मोहम्मद सोलिह के खिलाफ राष्ट्रपति चुनाव हार गए थे। इसके बाद ही उनका बुरा दौर शुरू हो गया।
'द मालदीव इंडिपेंडेंट' की खबर के अनुसार, पुलिस ने पिछले सप्ताह जांच खत्म करने के बाद कहा था कि यमीन पर राजकोष से चुराए गये धन के इस्तेमाल का आरोप है। 2014 के ऐंटी मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत इस अपराध के लिए पांच से लेकर अधिकतम 15 साल की जेल की सजा और 64,850 अमेरिकी डॉलर जुर्माने का प्रावधान है। हालांकि, इस लिहाज से यामीन को कम ही सजा हुई है।

## दुबई में कार हादसे में भारतीय डॉक्टर की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। दुबई में कार हादसे में एक भारतीय डॉक्टर की मौत हो गई। मीडिया में आई खबर में बताया गया कि यह हादसा उस वक्त हुआ जब डॉक्टर अपने क्लिनिक जा रहे थे और कार से नियंत्रण खो बैठे। नियंत्रम से बाहर होने के कारण कार पलट गई और उसमें आग लग गई।
गल्फ न्यूज ने खबर दी है कि यह दुर्घटना मंगलवार को दुबई ट्रेड सेंटर गोल चक्कर पर हुई। हालांकि 60 वर्षीय जॉन मार्शल स्किनर के परिवार और साथियों को बुधवार को पता चला कि कार हादसे में मरने वाले व्यक्ति जॉन ही थे। मूल रूप से केरल निवासी स्किनर 20 साल से ज्यादा वक्त से दुबई में काम कर रहे थे। खबर में बताया गया कि फिजिशियन स्किनर अल मुसल्ला मेडिकल सेंटर से जुड़े थे और वह अपने क्लिनिक जा रहे थे, जब यह हादसा हुआ। खबर में दुबई पुलिस के हवाले से बताया गया कि चालक कार से नियंत्रण खो बैठा, जिससे कार पलट गई और उसमें आग लग गई। वह कार के अंदर ही फंस गए और तेजी के साथ फैली आग की लपटों ने कार को गिरफ्त में ले जलाकर खाक कर दिया।